प्रादेशिक समाचार
21.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1 बोकारो में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर, केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा– जारी रहेगा नक्सलवाद के खात्मे का अभियान, डीजीपी की चेतावनी– सरेंडर करें नक्सली, नहीं तो मारे जायेंगे।

2 सिविल सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री ने सरायकेला–खरसांवा और गुमला के उपायुक्तों को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से किया सम्मानित, लोकसेवकों से असाधारण गति से काम करने का किया आग्रह।

3 सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिये बयान पर कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना, संविधान पर राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के विवादित बयान के खिलाफ जमशेदपुर में विपक्ष का प्रदर्शन।

4 पोप फ्रांसिस का लम्बी बीमारी के बाद निधन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक, झारखंड में भी श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन।

5 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम बनी चैंपियन, फाइनल में मेजबान मणिपुर को 2–0 से हराया।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बोकारो में आज सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के आठ नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, दस लाख का इनामी नक्सली साहेब राम मांझी और अरविंद यादव भी शामिल हैं।

**********************

बोकारो में सुरक्षा बलों और भाकपा माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रसन्नता व्यक्त की है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे का अभियान जारी रहेगा। मंत्रालय ने मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है।

**********************

इस बीच डीजीपी अनुराग कुमार गुप्ता ने बोकारो में 8 नक्सलियों को मार गिराने पर सुरक्षा बलों को शाबाशी देते हुए नक्सलियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि नक्सली हथियार छोड़ दें और पुलिस के सामने सरेंडर कर दें। अगर वे सरेंडर नहीं करेंगे तो सभी का अंजाम ऐसा ही होगा।

**********************

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरायकेला–खरसावां जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आकांक्षी

जिला कार्यक्रम के तहत की गयी पहलों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर सरायकेला के उपायुक्त ने सेवा की गुणवत्ता के साथ–साथ समग्र विकास को निरंतर गति देने की प्रतिबद्धता जतायी है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

*********************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिये बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने भाजपा पर संविधान की हत्या करने का आरोप लगाया है।

*********************

इधर, राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान को लेकर दिये गये विवादित बयान पर भाजपा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस सिलसिले में आज जमशेदपुर महानगर भाजपा की ओर से प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू समेत भाजपा के कई नेता शामिल हुए। मौके पर श्रीमती साहू ने कहा कि मंत्री हफीजुल हसन को इस मामले में पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

*********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। रामगढ़ में आज प्रोफेसर डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिंसा की ऐसी घटनाओं को किसी भी राज्य की सरकार को प्रश्रय नहीं देना चाहिए।

*********************

रोमन कैथेलिक चर्च के धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का आज वेटिकन सिटी में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। पिछले कुछ हफ्तों से वे बीमार चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया है और वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। इधर झारखंड में भी पोप के निधन पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। डालटनगंज धर्मप्रांत की ओर से बिशप थियोडोर मस्करेनहस और रांची प्रांत की ओर से विंसेंट आईंद ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। खूंटी डायोसिस के विकर जनरल फादर विशु बी आईंद भी पोप फ्रांसिस के निधन को दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

*********************

राज्य के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार डालटनगंज में तापमान 41.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, वहीं गढ़वा में तापमान 40.5, सरायकेला में 40.7 और गुमला में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। राजधानी रांची में भी तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जतायी है।

**********************

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। मणिपुर में 15 से 21 अप्रैल तक आयोजित अंडर 19 प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम मेजबान मणिपुर को 2–0 से शिकस्त देकर चौंपियन बन गयी है।

**********************

झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग और बेंच प्रेस प्रतियोगिता के 47 किलोग्राम भार वर्ग में जमशेदपुर की स्वेता रे ने खिताब हासिल किया है। रांची के गुरुनानक स्कूल में आयोजित दोनों ही प्रतियोगिताओं में स्वेता ने गोल्ड मेडल हासिल किया। स्वेता रे अगले महीने जापान में होने वाली एशियन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

********समाप्त**************